प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में तेरह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए कल नामांकन पत्र दाखिल करने करने का अंतिम दिन।
- भाजपा के कई दिग्गज प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन, कई केंद्रीय मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल।
- झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई प्रत्याशी भी आज भरेंगे पर्चा।
- झामुमो ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की, लोकसभा चुनाव में बागी रहे चमरा लिंडा को बिशुनपुर से दिया टिकट।
- चक्रवात दाना को लेकर मौसम विभाग ने राज्य के कोल्हान क्षेत्र, रांची, रामगढ़, खूंटी समेत कई इलाकों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन तेज हो गया है। इस चरण के तहत कल नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। वहीं दूसरे चरण के तहत भी नामांकन प्रक्रिया जारी है जो 29 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

भाजपा और झामुमो के कई दिग्गज प्रत्याशी आज अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र से नामांकन करेंगे। झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमंत सोरेन बरहेट से तो विपक्ष में प्रतिपक्ष के भाजपा नेता अमर बाउरी चंदनक्यारी से नामांकन दाखिल करेंगे। बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज यादव भी पर्चा दाखिल करेंगे। सिमरिया से उज्ज्वल दास और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही नामांकन करेंगे।

वहीं हजारीबाग से प्रदीप साहू, बहरागोड़ा से डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, पोटका से मीरा मुंडा और जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा साहू नामांकन दाखिल करेंगी। इनके नामांकन में भी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे। चाईबासा से गीता बलमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण सामड नामांकन करेंगे।

*****************

जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, तोरपा से कोचे मुंडा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा नामांकन करेंगे। वहीं रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, कांके से डॉक्टर जीतू चरण राम, मांडर से सन्नी टोप्पो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे।

सिसई से डॉक्टर अरुण उरांव, गुमला से सुदर्शन भगत नामांकन करेंगे। सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, लातेहार से प्रकाश राम, डाल्टेनगंज से आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी भुईयां, बड़कागांव से राशन लाल चौधरी और खरसावां से सोनाराम बोदरा पर्चा भरेंगे।

एनडीए की ओर से आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो भी आज गोमिया सीट से पर्चा भरेंगे। इधर, लोहरदगा में आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत भी आज नामांकन करेंगी।

*****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत पार्टी के कई प्रत्याशी भी आज नामांकन करेंगे। हेमंत सोरेन बरहेट से, कल्पना सोरेन गांडेय से और महुआ माजी रांची से आज पर्चा भरेंगी। वहीं कांग्रेस से डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा से और जमशेदपुर से बन्ना गुप्ता नामांकन दाखिल करेंगे।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने तीसरी सूची भी जारी कर दी है। तीसरी सूची में पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गयी है। इनमें लोकसभा चुनाव में पार्टी के बागी रहे चमरा लिंडा को बिशुनपुर से टिकट दिया गया है। जिगा होरो को सिसई से, चक्रधरपुर से सुखराम उरांव को तो खूंटी से स्नेहलता कंडूलना को टिकट दिया गया है, जबकि गोमिया से योगेंद्र प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही प्रचार अभियान भी तेज कर दिया है। गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येन्द्र तिवारी के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा में भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार में बहन–बेटियों के साथ सम्मान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। श्री चौहान ने कहा कि यह सत्ता हासिल करने का चुनाव नहीं है बल्कि रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव है और जनता में उत्साह है।

उधर, हुसैनाबाद में पार्टी प्रत्याशी कमलेश सिंह के नामांकन के बाद आयोजित सभा में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज उत्साह और उमंग का वातावरण है।

*****************

उधर, चाईबासा से झामुमो प्रत्याशी और राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा ने नामांकन किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

*****************

उधर, घाटशिला में पार्टी प्रत्याशी रामदास सोरेन की नामांकन सभा में हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यहित में कई योजनाएं शुरू की है जिसे विपक्ष भाजपा सहन नहीं कर पा रहा है।

*****************

झारखंड हाई कोर्ट ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए राज्य सरकार को कैबिनेट की स्वीकृति शर्त को हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट ने नवयुग कंपनी लिमिटेड को सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्पलेक्स के फेज दो निर्माण पूरा करने के संबंध में पूर्व में ही आदेश पारित किया है। अदालत ने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक सीएसआर फंड से निर्माण कार्य कराने को कहा है।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात को लेकर राज्य में आज और कल कोल्हान क्षेत्र, खूंटी, रांची, बोकारो और धनबाद समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस चक्रवात के कारण रेलवे ने मूरी के रास्ते चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दी है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने चक्रवात दाना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा प्रभात खबर ने झामुमो में रांची से महुआ माजी, खूंटी से स्नेहलता कंडुलना को टिकट मिलने की खबर को सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मोदी–जिनपिंग मुलाकात से पिघली दोनों देशों के बीच रिश्तों में जमी बर्फ।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पांच साल बाद मिले पीएम मोदी और जिनपिंग, बोले– हमारी दोस्ती से दुनिया को फायदा।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – नामांकन के साथ दलों के बीच जुबानी जंग शुरू हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स आफ इंडिया ने मोदी जिनपिंग की मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****समाप्त*****